

Pratham Books
A Book in Every Child's Hand

पठन स्तर २

# हिलता डुलता दांत

**Author:** Reshma Thapa Gurung
**Illustrator:** Canato Jimo
**Translator:** Poonam S. Kudesia

“माँ मेरा एक दांत हिल रहा है।”
बुन्नू का दांत पहली बार हिल रहा है,
वो खुश तो है लेकिन थोड़ी डरी हुई भी!







“अपनी जीभ से इसे थोड़ा धकेलो,” माँ कहती हैं।
बुन्नू बार बार धक्का देती है!
माँ कहती हैं, “अभी थोड़ा समय और लगेगा। “तुम इंतज़ार करो
फिर देखना यह अपने आप
गिर जायेगा!”



बुन्नु पापा के पास जाती है और उनसे कहती है, “पापा, मेरा एक दांत हिल रहा है।”
पापा हल्के से उस दांत को हिलाते हैं और उससे कहते हैं,
“अभी थोड़ा समय और लगेगा, तुम इंतज़ार करो, फिर देखना यह अपने आप गिर जायेगा!”



लेकिन बुन्नू को इंतज़ार करना बिल्कुल
पसंद नहीं! वह धागे का एक लम्बा
टुकड़ा लेकर अपने
कमरे में चली जाती है!
फिर एक तरफ से वह अपने दांत को
बाँधती है और दूसरी तरफ से दरवाज़े
के दस्ते को!





उसके बाद फ़र्श पर बैठ कर बुन्नु बस इंतज़ार करती है,
करती रहती है और
करती ही रहती है।







फिर बुन्नू बहुत देर तक इंतज़ार करते करते थक जाती है!
वह दरवाज़े के दस्ते से धागा खोल देती है और अपने बिस्तर पर बैठ जाती है!



थोड़ी देर बाद उसकी बहन चुन्नू उसके पास आती है। वह दरवाज़े की तरफ देख कर कहती है,
“यह तुम क्या करने वाली थी? मैं धागा खींचती हूँ और फिर देखना कैसे तुम्हारा दांत झट से गिर जायेगा!”
बुन्नु ने अपनी आँखें बंद करके मुँह खोल दिया!



"१, २, ३ और खीचों!"

**"ओ!"** बुन्नू ज़ोर से चिल्लाई!

"अभी थोड़ा समय और लगेगा!"

"तुम इंतज़ार करो फिर देखना यह
अपने आप गिर जायेगा!"



“यह दांत तो कभी नहीं गिरेगा,” बुन्नू ने कहा!
माँ ने कहा, “जब हम बच्चे थे तो हम अपने दांत छत पर फेंक देते थे,
और चूहे से उनके दांत मांगते थे।
“हमें चूहे जैसे तेज़ और मज़बूत दांत जो चाहिए थे।”
बुन्नू दौड़कर बाहर गई और बोली, “चूहे जी देखो मेरा दांत
कितना मज़बूत और बड़ा है, और अगर तुम्हें यह पसंद है
तो आओ और आकर इसे जल्दी से ले जाओ!”




उस रात बुन्नु ने सपने में एक बड़े से चूहे को देखा!
उस ने अपने दांतों में एक चमकती चीज़ को कस कर पकड़ा हुआ था।
उसने रुक कर बुन्नू को देखा और फिर झट से अपने बिल में घुस गया!





सुबह उठते ही बुन्नू ने अपनी
जीभ से दांत को धक्का देना चाहा!
अरे वह तो वहाँ नहीं था!
क्या वह उसे निगल गई?
या जब वह सो रही थी,
तब किसी ने उसे निकाल लिया? कहाँ
गया वह दांत?

लो यहाँ है यह, उसके तकिये के एकदम
पास गिरा हुआ!
बुन्नू झटपट अपना दांत उठाकर बाहर
दौड़ी!



“चूहे जी, यह लो मेरा दांत ले लो और
मुझे नया दांत दे दो,” उसने ज़ोर से कहा!
फिर उसने अपना दांत छत पर फैंका और
माँ को सारी बात बताने अंदर चली गई!

PRATHAM BOOKS storyweaver

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Story Attribution:

This story: हिलता डुलता दांत is translated by Poonam S. Kudesia . The © for this translation lies with Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Based on Original story: 'The Very Wiggly Tooth', by Reshma Thapa Gurung . © Pratham Books , 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

## Other Credits:

'Hilta Dulta Daant' has been published on StoryWeaver by Pratham Books. www.prathambooks.org Guest editor: Mathangi Subramanian

## Images Attributions:

Cover page: A young girl smiling, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 2: Woman sitting and a child nearby, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 3: A girl making faces, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 4: A girl and father in the garden, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 5: A girl at the door, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 6: A girl seated on the floor, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 7: A bored girl on the bed, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 8: Two girls in a room, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 9: A girl pulling out a tooth, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 10: A girl with mother and a mouse, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

CC BY

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Images Attributions:

Page 11: A sleepng girl, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 12: A surprised girl with unkempt hair, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 13: A girl and her father in the mountains, by Canato Jimo © Pratham Books, 2017. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

# हिलता डुलता दांत

(Hindi)

बुन्नू का हिलता दांत टूट ही नहीं रहा है! आइए, देखते हैं कैसे हिमालय की एक लोककथा सुन कर बुन्नू का दांत गिर जाता है!

This is a Level 2 book for children who recognize familiar words and can read new words with help.

PRATHAM BOOKS storyweaver

Pratham Books goes digital to weave a whole new chapter in the realm of multilingual children's stories. Knitting together children, authors, illustrators and publishers. Folding in teachers, and translators. To create a rich fabric of openly licensed multilingual stories for the children of India  and the world. Our unique online platform, StoryWeaver, is a playground where children, parents, teachers and librarians can get creative. Come, start weaving today, and help us get a book in every child's hand!